उ0प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या–2(20)/ई–2/2021–22
प्रयागराज, दिनांक 23 दिसम्बर, 2021
विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पी0सी0एस0) (प्रारम्भिक) परीक्षा–2021 के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर "Fill online details for Combined State/Upper Subordinate Services (P.C.S.) (M) Exam.-2021" पर Click करके आवश्यक सूचनाएं ऑनलाइन फार्मेट पर भरनी होगी। सर्वप्रथम Registration no. & Basic Details (जन्म तिथि, लिंग, निवास, श्रेणी इत्यादि) दें। निर्देशों एवं प्रक्रिया का भली–भॉति अध्ययन करने के उपरान्त उसका पालन करते हुए प्रत्येक स्तर पर ऑनलाइन सूचनाएं भरकर पूर्ण संतुष्ट होकर "SAVE" कर लें। इसके पश्चात् "Click here to payment the required fee for Main Examination" को Click करें। इसके पश्चात् S.B.I. MOPS का पेज प्रदर्शित होगा, जिसमें भुगतान हेतु निम्न विकल्प उपलब्ध होंगे:–

(I) S.B.I. MOPS के Portal से S.B.I. अथवा 55 अन्य बैंकों में से किसी एक बैंक का चयन करना होगा ।
(II) चयन किए गए बैंक के द्वारा Debit/Credit/Net Banking के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।
(III) उपरोक्त बिन्दु–II की सुविधा न होने पर S.B.I. का ई–चालान मुद्रित, करके नगद भुगतान द्वारा भी परीक्षा शुल्क जमा किया जा सकता है अथवा, मोबाइल बैंकिंग द्वारा 'Buddy' के माध्यम से भी किया जा सकता है।

सभी अभ्यर्थी प्रदर्शित फॉर्मेट पर विकल्प– प्रयागराज, लखनऊ तथा गाजियाबाद में से वांछित केन्द्र तथा एक वैकल्पिक विषय को सेलेक्ट (Select) करें। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त वांछित सूचनाएं (मुख्य परीक्षा हेतु 01 वैकल्पिक विषय एवं परीक्षा केन्द्र के जिले का नाम) दिनांक **28 दिसम्बर, 2021** तक सही–सही एवं सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करें।

2–सभी स्तरों पर आनलाइन सूचनाएं भरने के पश्चात् " SAVE/SUBMIT " कर दें। आनलाइन " SAVE/SUBMIT " किये गये फार्म सेट को मुद्रित कर लें। आनलाइन फार्म सेट " SAVE/SUBMIT " करने के उपरान्त आयोग द्वारा निर्धारित समय में ही अभ्यर्थियों को यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आती है तो उसके संशोधन हेतु केवल एक बार संशोधन (Edit) आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर प्रदर्शित विकल्प Click here to "Modify online details after Submission for Combined State/Upper Subordinate Services (P.C.S.) (M) Exam.-2021" पर क्लिक करके कर सकते हैं। उपरोक्त प्रक्रिया दिनांक **28 दिसम्बर, 2021** तक सही–सही एवं सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करें । इसके अतिरिक्त जाति प्रमाण–पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता का प्रमाण–पत्र एवं भू.पू.सै. का प्रमाण–पत्र के प्रारूप की PDF File वेबसाइट पर उपलब्ध है।

3–ऑनलाइन भरे गये फार्म सेट (आवेदन–पत्र) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त संलग्नकों (प्रत्येक वर्ष की अंक तालिकाओं, उपाधियों तथा अन्य सभी दावों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियॉ) सहित एक लिफाफे में भरकर तथा उक्त लिफाफे पर मुद्रित पता पर्ची (Address Slip) चस्पा कर दिनांक **04 जनवरी, 2022** को 5:00 PM अपराह्न तक अथवा उसके पूर्व सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, (परीक्षा अनुभाग–3), 10–कस्तूरबा गांधी मार्ग, प्रयागराज, पिन कोड नं.–211018 को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूछ–ताछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएगें।

.......2

4–इसके अतिरिक्त आरक्षण के दावे के संबंध में प्रस्तुत अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण–पत्र डिजिटल प्रारूप में भी स्वीकार किये जायेंगे परन्तु उसके साथ निवास प्रमाण–पत्र आवश्यक है।

5–ऑनलाइन दावे के आधार पर प्रधानाचार्य पद हेतु प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित प्रारूप पर संयुक्त शिक्षा निदेशक से प्रतिहस्ताक्षरित अनुभव प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः संलग्न करें, अन्यथा प्रधानाचार्य पद पर उनके दावे को अस्वीकार किया जा सकता है।

(जगदीश)
सचिव